JAIPUR METRO

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

खनिज भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005

सार्वजनिक सूचना

जयपुर मेट्रो रेल के रेलवे स्टेशन स्थित मेट्रो स्टेशन एरिया से चांदपोल स्टेशन खंड में स्थित जयपुर मेट्रो रेलवे लाईन और परिसर उपयोग करने वाले और उन पर काम करने वाले सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 15.07.2014 से अथवा उसके पश्चात् 25000 वोल्ट, 50 हर्टज्, एसी ओवर हेड ट्रेक्शन वायर्स (बिजली के तारों) में विद्युत प्रवाह (बिजली का करंट) प्रवाहित किया जायेगा। इस तिथि को एवं इस तिथि के पश्चात् जयपुर मेट्रो रेल के बिजली के इन तारों में हर समय बिजली का करंट चालू रहेगा तथा कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति इन ओवर हैड लाइनों के निकट नही जायेगा और न ही उसके आस–पास काम करेगा। मानसरोवर डिपों और मानसरोवर डिपों से रेलवे स्टेशन स्थित मेट्रो स्टेशन खंड में लगे बिजली के तारों में पहले से ही बिजली का करंट चालू है। **अतः कृपया जयपुर मेट्रो रेल के मानसरोवर डिपों में अथवा मानसरोवर से चांदपोल के मध्य स्थित किसी भी मेट्रो स्टेशन या मेट्रो ट्रेक के किसी भी हिस्से में अनाधिकृत रूप से प्रवेश न करें और अपनी जान को खतरे में न डालें।**

स्थान : जयपुर
दिनांक : 09.07.2014

निहाल चंद गोयल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक